Regarding setting up of IIT and IIM at Anand, Gujarat -laid

श्री मितेश पटेल **(बकाभाई) (आणंद) :** सर्वविदित है कि लोकसभा क्षेत्र आनंद लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी कि कर्मस्थली रही है और महान शिक्षाविद आदरणीय भाइ काका जी और आदरणीय भीखाभाई पटेल जी की जन्म भूमि है । इन्होने बड़ी मेहनत से आनंद में विद्यानगर की स्थापना की थी जो आज बहुत बड़ा शिक्षा का केन्द्र बन चुका है जो पुरे गुजरात में प्रसिद्ध है और जहां देश के हर कोने से विद्यार्थी अच्छी शिक्षा हेतु पढ़ने आते हैं । लेकिन यहाँ पर आई०आई०टी० और आई०आई०एम० जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान अभी तक नहीं बन पाये है । मेरे क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इन महापुरुषों द्वारा देश एवं शिक्षा के क्षेत्र में किया गया योगदान लोगों के लिए प्रेरणास्रोत और यादगार बने इसके लिए जनता ने इन तीनों ही महापुरुषों द्वारा देशहित और समाज हित के दृष्टिगत किए गए कठिन तपस्या और महान कार्यों को दर्शाने हेतु एक सांस्कृतिक केंद्र (Cultural Centre) के निर्माण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । मैं आनंद जिले के शिक्षा केंद्र विद्यानगर में आई०आई०टी० और आई०आई०एम० जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान खोलने हेतु संबन्धित मंत्रालय से आग्रह करता हूँ और संबंध में जरूरी कदम उठाने हेतु संबन्धित को आदेशित करने का आग्रह करता हूँ ।